भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3181
गुरुवार, दिनांक 11 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी निवेश

3181. श्री पी॰ रविन्द्रनाथ कुमारः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास सौर विद्युत उत्पादन उद्योग सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में कुल कितना निवेश हुआ है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख): सरकार ने सौर विद्युत सहित अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में ऑटोमेटिक रूट के माध्यम से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी है।

(ग) उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने विगत 5 वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निम्नानुसार एफडीआई इक्विटी के प्राप्त होने की सूचना दी हैः-

वर्ष	एफडीआई (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)
2014-15	615.95
2015-16	776.51
2016-17	783.57
2017-18	1204.46
2018-19	1446.16
कुल	4826.65

*****